भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या: 239**

गुरुवार, 8 दिसम्बर, 2022/ 17 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

## <u>एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड का खराब निष्पादन</u>

**239. श्री मारगनी भरत:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने एलायंस एयर, एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेज और एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज को बेचने की प्रक्रिया शुरू कर दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (एआईएएसएल) के खराब निष्पादन के क्या कारण है; और

(घ) क्या उपरोक्त कंपनियों को बेचने के लिए कोई समय-सीमा तय की गई है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))</u>**

(क) से (ग) : आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) द्वारा दिनांक 28.6.2017 को एअर इंडिया लिमिटेड तथा इसकी पांच सहायक कम्पनियों एवं संयुक्त उद्यमों के रणनीतिक विनिवेश के लिए "सैंद्धातिक" अनुमोदन दिया गया था। रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया के दिशानिर्देशन के लिए एअर इंडिया विशिष्ट वैकल्पिक तंत्रव्यवस्था (एआईएसएएम) का गठन किया गया था। एअर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड में एआईएल की 100% की शेयरधारिता तथा

एअर इंडिया सैट्स में 50% की शेयरधारिता के साथ एअर इंडिया के रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया 27.1.2022 को पूरी हो गई थी।

एअर इंडिया विशिष्ट वैकल्पिक तंत्रव्यवस्था (एआईएसएएम) का ध्यान इस ओर गया था कि एलायंस एअर एविएशन लिमिटेड (एआईईएएल) एअर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेस लिमिटेड (एआईईएसएल) तथा भारतीय होटल निगम (एचसीआई) घाटे पर चल रहे थे जबकि एअर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड (एआईएएसएल) मुनाफा कमा रही थी। इन सहायक कम्पनियों की अलग अलग बिक्री करने से बिडिंग में अधिक प्रतिस्पर्धा हो सकती थी क्योंकि इससे बोलीदाताओं की अर्हता अपेक्षाकृत कम प्रतिबंधात्मक होगी। शेष सहायक कम्पनियों में विनिवेश की प्रक्रिया, निवेश एवं लोक सम्पति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) द्वारा प्रारंभ कर दी गई है तथा एआईएएसएल एवं एआईईएसएल के लिए रोडशो आयोजित किए गए हैं।

(घ) विनिवेश की प्रक्रिया अनेक परिवर्ती स्थितियों पर निर्भर करती है, अत: इनके लिए कोई निश्चित समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।